Publication: **Dainik Savera** | Region: **Delhi** | Date: **07/11/2014** | Page No.: **08**

रिलायंस लाइफ ने शुरू किया डू गुड अभियान

RELIANCE Life Insurance
Anil Dhirubhai Ambani Group

नई दिल्ली, 6 नवंबर (ब्यूरो) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी रिलायन्स लाइफ इंश्योरेंस ने नए सोशल मीडिया अभियान डू गुड शुरू करने की घोषणा की है। रिलायन्स के इस डू गुड अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों और समुदायों में आम लोगों के दैनिक जीवन में किए जा रहे अच्छे कार्यों की पहचान करना तथा उन्हें ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित करना है जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सके। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि समुदाय और क्षेत्रों के दायरे से बाहर जाकर किए जाने वाले नि:स्वार्थ एवं कल्याणकारी कार्यों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। आज के समय में लोगों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना अनिवार्य हो गया है जहां हर व्यक्ति और समूह को ऐसे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।